दिनांक 17.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ दिव्यांग हितग्राहियों को लाभन्वित किये जाने हेतु निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत निःशक्तजनों के परीक्षण एवं सत्यापन हेतु निगम के विभिन्न वार्डों में 18 अगस्त से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में दिव्यांग हितग्राहियों को परीक्षण कर आवश्यकता के अनुसार प्रमाण–पत्र प्रदान करने के साथ ही शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु पंजीयन किया जावेगा।

शा0उ0मा0 शाला टंकी मरोदा में 18 अगस्त, 22 अगस्त शा0स्कुल कोसानगर एवं हाई स्कुल कोहका में 8 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित शिविर में दिव्यांग हितग्राहियों का चिकित्सा परीक्षण किया जावेगा और शासन की विभिन्न योजना जिसमें दिव्यांग पेंशन योजना के तहत् 40 से 80 प्रतिशत के बीच के दिव्यांग हितग्राहियों को पेंशन की पात्रता हेतु पंजीयन, बैशाखी व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, ट्राईसाईकल, कृत्रिम अंग, रेलवे एवं बस पास आदि के संबंध में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली शासकीय योजनाओं से लाभ प्राप्त किये जाने के संबंध में जानकारी दिया जायेगा। दिव्यांग हितग्राहियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजनांन्तर्गत मिलने वाले हरा राशन कार्ड का लाभ मुख्यमंत्री सहायता कोष, संजीवनी कोष, स्मार्ट कार्ड, एवं निःशक्त प्रमाण–पत्र की जानकारी भी शिविर में प्रदान किया जावेगा। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्रदान किये जाने वाले लाभ दिव्यांग वित्तीय सहायता एवं प्रशिक्षण की जानकारी शिविर में दिव्यांग हितग्राहियों को दिया जा कर पंजीयन किया जावेगा ।

आयुक्त के0एल0चौहान ने निगम क्षेत्र में निवासरत् दिव्यांग हितग्राहियों से अपील किया है कि निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर में उपस्थित होकर अपना चिकित्सा परीक्षण करवाकर पंजीयन अवश्य करावें ।

जन सम्पर्क अधिकारी